इलाहाबाद विश्वविद्यालय

सीनेट हाउस, प्रयागराज (उ.प्र.)- 211 002, भारत

(संसद के अधिनियम 2005 द्वारा स्थापित केन्द्रीय विश्वविद्यालय)

University of Allahabad

Senate House, Prayagraj (U.P.)- 211 002, India

(A Central University established by an Act of Parliament in 2005)

Professor Sangita Srivastava
Vice-Chancellor

प्रोफ़ेसर संगीता श्रीवास्तव
कुलपति

प्रिय शिक्षक, कार्मिक और छात्र / छात्राओं

हिंदी दिवस के शुभ अवसर पर आप सभी को मेरी हार्दिक शुभकामनाएं।

14 सितम्बर 1949 को संविधान सभा ने एक मत से यह निर्णय लिया कि हिंदी भारत की राजभाषा होगी। राष्ट्रभाषा प्रचार समिति, वर्धा की सिफारिश पर 1953 से 14 सितम्बर का दिन 'हिंदी दिवस' के रूप में मनाया जाता है। यह दिवस हमें अवसर प्रदान करता है कि हम देश एवं विदेश में हिंदी के विकास का मूल्यांकन कर सकें और यह जान सकें कि हमने अभी तक कितनी मंजिलें तय की हैं और कितनी अभी तय करनी बाकी हैं।

विश्व की सर्वाधिक प्रचलित भाषाओं में शामिल हिंदी की निरंतर प्रगति उत्साहवर्धक है। वर्तमान में हिंदी में व्यापक स्तर पर इंटरनेट पर सामग्री उपलब्ध है तथा इसके लिए भारत सरकार, गृह मंत्रालय की ओर से किये गए गंभीर प्रयासों का ही परिणाम है कि हिंदी की स्वीकार्यता न सिर्फ उत्तर भारत में बल्कि सुदूर दक्षिण भारत और पूर्वोत्तर के राज्यों में भी बढ़ी है तथा इसकी लोकप्रियता में वृद्धि हुई है।

किसी भी देश के विकास और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उसकी पहचान को सुदृढ़ करने में भाषा की अहम भूमिका होती है। हिंदी को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर न केवल अपनाया जा रहा है, बल्कि विदेश स्थित विश्वविद्यालयों में काफी संख्या में लोग इसका अध्ययन भी कर रहे हैं। सूचना प्रौद्योगिकी और तकनीक के क्षेत्र में हिंदी का बढ़ता उपयोग और युवाओं में इसकी लोकप्रियता एक उज्जवल भविष्य की तस्वीर प्रस्तुत करती है।

मुझे यह जान कर प्रसन्नता हुई है कि पूर्व वर्षों की भांति इस वर्ष भी विश्वविद्यालय में राजभाषा अनुभाग द्वारा हिंदी के प्रचार – प्रसार हेतु कार्मिक और विद्यार्थी केंद्रित अनेक आयोजन किये जा रहे हैं । इसमें विश्वविद्यालय के समस्त शैक्षणिक / गैर–शैक्षणिक कार्मिक तथा विद्यार्थी प्रतिभाग कर रहे हैं । राजभाषा अनुभाग हिंदी के विकास के लिए वर्ष भर किसी न किसी कार्यक्रम का आयोजन करता है । राजभाषा अनुभाग ने "ई–शासन " पर केन्द्रित गृह पत्रिका 'संकल्पना' के प्रकाशन के साथ ही 'राष्ट्रीय पुस्तक न्यास' नई दिल्ली के साथ मिलकर बांग्ला और अंग्रेजी की लगभग 30 बाल साहित्य पुस्तकों का अनुवाद हिंदी में किया है तथा केंद्रीय अनुवाद ब्यूरो, गृह मंत्रालय के विशेषज्ञों ने हमारे और नराकास कार्यालय (2) के कार्मिकों के साथ पांच दिवसीय कार्यशाला भी आयोजित की है।

हिंदी हमारी संस्कृति और गरिमा का प्रतीक है। हिंदी का अपने जीवन में गर्व के साथ स्वागत करें तथा इसके प्रचार–प्रसार में योगदान दें। आइए हिंदी दिवस के इस शुभ अवसर पर हम सब मिलकर यह संकल्प लें कि हम सभी अपना कार्यालयीन कार्य पूर्ण उत्साह, लगन और गर्व के साथ राजभाषा हिंदी में ही करेंगे। मुझे विश्वास है कि हमारा सामूहिक और सार्थक प्रयास अवश्य सफल होगा और हिंदी जन–जन की भाषा बनेगी।

जय भारत ,जय भारती।

14 सितंबर, 2023

संगीता श्रीवास्तव

(प्रो0 संगीता श्रीवास्तव)

Residence / आवास:
18/22, Clive Road, Civil Lines, Prayagraj-211 001 /
18/22, क्लाइव रोड, सिविल लाइन्स, प्रयागराज-211 001

Camp Office / शिविर कार्यालय:
Tele. / दूरभाष : (0532) 2545020
: (0532) 2545733

Main Office / मुख्य कार्यालय:
Tele. / दूरभाष : (0532) 2461089, 2460063
e-mail / ई-मेल : vcoffice@allduniv.ac.in
: vcoffice.uoa@gmail.com